Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to promote Scientific Instruments Industries in Ambala, Haryana.

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला): माननीय सभापति महोदय, मैं मान्यवर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जी का ध्यान अम्बाला के विज्ञान उपकरण उद्योग की ओर दिलाना चाहता हूँ। अम्बाला विज्ञान उपकरण व रक्षा उत्पादों को बनाने के लिए विश्व विख्यात है। माइक्रोस्कोप, ग्लास डेयर, फिजिक्स व अन्य उपकरण यहां बनाये जाते है। अग्नि-5 में भी अम्बाला विज्ञान उद्योग के एक कारोबारी ने कुछ पुर्जे बनाये हैं। यहां पर 3,000 के लगभग इकाइयां कार्य कर रही हैं जिनकी सालाना टर्न ओवर 1500 करोड़ रूपये के लगभग है। चीन द्वारा भारत के अधिकतर इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापार पर कब्ज़ा करने के बाद चीन ने अम्बाला के विश्व विख्यात विज्ञान उद्योग पर भी 45% कब्ज़ा कर लिया है। यदि अम्बाला के विज्ञान उद्योग को प्रशिक्षित लेबर उपलब्ध न करवाई गयी और चीन से आने वाले माल पर रोक न लगाई गयी तो हजारों लोगों को रोजगार देने वाला यह उद्योग तबाह हो जायेगा। इस उद्योग के लिए आज सरकार द्वारा अम्बाला के विज्ञान उद्योग से जुड़े उद्यमियों की मार्केटिंग और मैन्युफैक्चरिंग का एक मजबूत तरीका उन्नत करने की आवश्यकता है। यहां पर एक बड़ा कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनाये जाने की भी आवश्यकता है। यहाँ पर पहले टूल रूम और एक डीडीसी की स्थापना की गयी थी, जिसे आज बंद कर दिया गया है। मैं मांग करता हूँ कि सरकार अम्बाला के विज्ञान उद्योग को ड्रैगन अटैक से बचाया जाये।